Bharat Temples

लिया नाम जिसने भी शिवजी का मन से उसे भोले शंकर ने अपना बनाया Bhajans Bhakti Songs

लिया नाम जिसने भी
शिवजी का मन से,
उसे भोले शंकर ने
अपना बनाया।

खुले उस पे सब द्वार
शिव की दया के,
जो श्रद्धा से भोले
के मंदिर में आया॥

हर हर हर महादेव
की जय हो।
शंकर शिव कैला
शपति की जय हो॥

चलो शिव शंकर
के मंदिर में भक्तो,
शिव जी के चरणों

में सर को झुकाए।

करें अपने तन मन
को गंगा सा पावन,
जपें नाम शिव का
भजन इनके गाएं॥

यह संसार झूठी
माया का बंधन,
शिवालयमें मार्ग है
मुक्ति का भक्तो।

महादेव का नाम
लेने से हर दिन,
मिलेगा हमें दान
शक्ति का भक्तो।

मिट्टी में मिट्टी की
काया मिलेगी,
चलो आत्मा को
तो कुंदन बनाएं॥

कहीं भी नहीं अंत
उस की दया का,
करें वंदना उस
दयालु पिता की।

हमें भी मिले छावं
उसकी कृपा की,
हमे भी मिले भीख

उसकी दया की।

लगाकर समाधि करें
शिव का सिमरन,
यूँ सोये हुए भाग्य
अपने जगाएं॥

करें सब का कल्याण,
कल्याणकारी,भरे सबके
भण्डार त्रिनेत्र धारी।
कोई उसको जग

में कमी ना रहेगी,
बनेगा जो तनमन
से शिव का पुजारी।

करे नाम लेकर
सफल अपना जीवन,

Source: https://www.bharattemples.com/liya-naam-jisane-bhee-shivajee/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw